बरेली, सोमवार
4 फरवरी 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16

# दैनिक जागरण

Page No :09 Right Middle

एसआरएमएस में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ी •

## रोमांचक मैच में जीता एसआरएमएस

जागरण संवाददाता, बरेली :दैनिक जागरण इलेवन और एसआरएमएस एकेडमी के बीच मैत्रीपूर्ण टी-20 मैच खेला गया। रोमांचक मैच में एसएसएमएस ने चार रनों से जीत दर्ज की।

कप्तान आदित्य मूर्ति के नेतृत्व में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएमएस की टीम ने डॉ. अमित के 63 रनों के बदौलत 150 रन बनाए। जागरण टीम के अभिषेक द्विवेदी ने तीन विकेट चटकाए, उन्हें बेस्ट बॉलर चुना गया। दैनिक जागरण टीम के कप्तान मुदित चतुर्वेदी के नेतृत्व में लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम के मध्यम क्रम ने शानदार बैटिंग की। हरित ने 65 और राहुल कपूर के 40 रनों की मदद से टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया मगर अंतिम ओवरों में बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। पूरी टीम 146 रन ही बना पाई। आखिरी ओवर में मैच की हारजीत का फैसला हुआ।